Hindi

Public education
Discover a world of opportunities

कक्षाएँ 1 और 2

संख्याएँ: घर पर सीखना

घर पर संख्या सम्बन्धी गतिविधि के सुझाव

मिलकर पढ़ें

घर में गणित का अभ्यास करने के लिए किताबों का प्रयोग एक आसान और मनोरंजक माध्यम है। पढ़ने के काम को मज़ेदार बनाने के लिए अपने पढ़ने के साथ-साथ निम्नलिखित सवाल पूछें: *आने वाला दूसरा व्यक्ति कौन था? कितने लोगों के बाल भूरे रंग के हैं? इस तस्वीर में सबसे लम्बा व्यक्ति कौन है?* और *हम किस पन्ने पर हैं?* पन्ने बदलने के साथ-साथ उन्हें गिनें।

भोजन और खाना पकाना

अपने बच्चों से टीस्पून, टेबलस्पून, चौथाई कप, आधे कप और पूरे कप का प्रयोग करके सामग्री को मापने में मदद करने के लिए कहें। अपने बच्चों को कुकिंग में लगने वाले समय की जांच करने या ओवन में टाइमर सेट करने के लिए कहें।

उन्हें स्कूल के लंच मेन्यू और अलग-अलग वस्तुओं की कीमत को पढ़ने में मदद करें। उन्हें गिनने दें कि कितने पैसों की ज़रूरत है।

यह पता लगाने में अपनी बच्चों की मदद करें कि खाने और पीने की वस्तुओं को किस प्रकार बराबर बाँटा जा सकता है, उदाहरणत: सैंडविच और फलों को आधे-आधे भाग में काटें और कहें: *मैनें इसको दो बराबर भागों में काटा है – आधा आपके और आधा मेरे लिए।* मिलकर खाना पकाएँ और निम्न प्रकार के सवाल पूछें:

- *हमें कितने कप-प्लेटों की ज़रूरत है?*
- *मेरे पास तीन कांटे हैं, हमें और कितने कांटों की ज़रूरत है?*
- *हर किसी को दो सॉसेजिस चाहिए, क्या हमारे पास पर्याप्त सॉसेजिस हैं?*

समय के बारे में बातचीत करें

अपने बच्चों को एनालॉग और डिजिटल दोनों घड़ियों में समय देखना सीखने में मदद करें। समय के बारे में बातचीत करें उदाहरणत: *आपका पसंदीदा टेलीविज़न शो कब शुरू होता है?* और *कार्यक्रम कितनी देर तक चलता है?* कैलेंडर पर खेलकूद के दिन और समय लिखें। साल के सप्ताह, महीनों के बारे में और साथ ही मौसमों के बारे में बात करें। कार्यक्रमों का सम्बन्ध सप्ताह के दिनों से स्थापित करें, उदाहरणत: *सोमवार को हम डांस करने जाते हैं* और *बुधवार को हम हॉकी ट्रेनिंग पर जाते हैं।*

खेलकूद

खेलकूद एक ऐसा विषय है जिसमें गणित शामिल है और इसके बारे में बातचीत करनी आसान है। निम्न प्रकार के सवाल पूछें: *तीन गोल कितने प्वाइंट के बराबर होते हैं? टीम कितने गोलों से आगे है? किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं?* और *आपको यह कैसे पता लगता है कि किस धावक ने सबसे कम समय में दौड़ पूरी की है?*

आप निम्नलिखित कर सकते/सकती हैं:

- स्कोरबोर्ड पर दिखाए स्कोर और समय की ओर इशारा करें
- यह चर्चा करें कि हिसाब कैसे लगाया जाता है और स्कोर की गिनती कैसे की जाती है।

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी **education.wa.edu.au** पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015
CC BY